कार्यालय

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश – 480001

Email-cfchhindwara@mpforest.org Tel./Fax No.07162-245470

क्रमांक / मा.चि. / 415 छिंदवाड़ा, दिनांक 25 JAN 2022

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल
छिंदवाड़ा

विषय :– तानसी कोल परियोजना हेतु 206.826 हे. वनभूमि प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।(प्रकरण क्रमांक / FP/MP/MIN/44238/2020)

संदर्भ:– आपका पत्र क्रमांक 147 दिनांक 19.01.22

——000——

विषयान्तर्गत प्रकरण मे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5175 दिनांक 16.09.21 से प्रतिवेदन चाहा गया था कि प्रस्तावित स्थल 7 पेचेस की एक दूसरे की कनेक्टिविटी मे शासकीय भूमि मे छोटे–झाड़ के जंगल मद की भूमि हो तो प्रस्तावित एरिया मे शामिल करें, यदि राजस्व वन मद की भूमि नही हो तो तद्नुसार कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें। आपके द्वारा उक्त बिंदु की पूर्ति न कर प्रकरण यथावत प्रेषित किया गया है।

प्रस्ताव मे वन मानचित्र स्केल 1:50,000 के मैनेजमेंट मेप पर एरिया मार्क कर संलग्न करे तथा प्रस्तावित एरिया सतपुड़ा–पेंच टाईगर रिजर्व कारीडोर का सर्वे आफ इंडिया स्केल 1:2,50,000 के मैप पर उनकी सतपुड़ा टाईगर रिजर्व से दूरी एवं पेंच टाईगर रिजर्व से दूरी तथा कारीडोर से दूरी दर्शित मैप संलग्न करने हेतु लेख किया गया था जो कि संलग्न नही किया गया है।

प्रस्ताव मे वनमंडलाधिकारी के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के बिंदु क्रमांक 12 मे आपके द्वारा लेख किया गया है कि उक्त प्रस्तावित एरिया मे 18 वनाधिकारी पत्र बांटे गये है, ऐसी स्थिति मे वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्ताव मे संलग्न करें।

वनमंडलाधिकारी के स्थल निरीक्षण बिंदु क्रमांक 16 मे आपके द्वारा लेख किया गया है कि प्रस्तावित माईन पेंच–सतपुड़ा कारीडोर के अंतर्गत आती है। अतः आवेदक को प्रधान मुख्य वनसंरक्षक(वन्य प्राणी) से अनापत्ति प्राप्त करने हेतु लेख करें।

उपरोक्त पूर्ति कर प्रस्ताव मे अपना स्पष्ट अभिमत सहित भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नः–प्रस्ताव मूलतः।

(के. के. भारद्वाज)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

पृ.क्रमांक / मा.चि. / 416 छिंदवाड़ा, दिनांक 25 JAN 2022

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक डब्ल्यू.सी.एल. कन्हान क्षेत्र डुंगरिया की ओर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। उपरोक्त जानकारी वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा के माध्यम से शीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

Tansi coal west